प्रमुख कारण रेलवे कर्मचारियों की ओर से कर्त्तव्य में लापरवाही बरतना था ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा अभी तक इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) (क) रेल संरक्षा आयुक्त, दक्षिणी क्षेत्र ने 26 डाउन बेंगलूरु–तिरूवनन्तपुरम एक्सप्रेस की 8–7–1988 को हुई दुर्घटना की जांच की है ।

(ख) और (ग) उनकी प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना रेल कर्मचारियों की गलती के कारण हुई थी ।

(घ) रेल संरक्षा आयुक्त की अंतिम जांच रिपोर्ट मिल जाने पर जिसमें उनकी सिफारिशें अंतर्विष्ट होंगी, उपयुक्त कार्रवाई की जायगी ।

चीन के साथ संबंधों में सुधार

115. **श्री मीर्जा इरशादबेग** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चीन के साथ संबंध सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं, क्या चीन की भी ऐसी ही भावना है, यदि हां, तो किस प्रकार ; और

(ख) चीन के साथ हमारे किन-किन क्षेत्रों में मतभेद हैं, इनका समाधान किस प्रकार तथा कब तक किए जाने की संभावना है ?

विदेश मंत्री (श्री पी. वी. नरसिंह राव): (क) विचार-विमर्श, प्रतिनिधि-मंडलों को एक-दूसरे के देश में भेजना, सांस्कृतिक करार और प्रधान मंत्री की यात्रा की तैयारियां ।

स्पष्ट है कि इस सब के लिए भारत और चीन दोनों को ही प्रयास करने होंगे । चीन की सरकार ने यह भी कहा है कि वे भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देते हैं और यह कि चीन भारत के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धान्तों के आधार पर संबंध सुधारना और विकसित करना चाहता है ।

(ख) सीमा का सवाल । यह एक जटिल मसला है और इसके लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती । तथापि, सरकार इस मसले को शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए सुलझाना चाहती है ।

भारत-नेपाल संधि

116. **श्री अजीत जोगी** :
श्रीमती वीणा वर्मा :
श्री कपिल वर्मा :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1950 में की गई भारत-नेपाल संधि का पूर्णतः पालन नहीं किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है ;

(ग) क्या सरकार इस संधि की समीक्षा करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो किन-किन आधार पर तथा इसमें कौन-कौन से संशोधन विचाराधीन है और उसके क्या कारण है ;

(घ) क्या नेपाल सरकार को भारत की भावनाओं से अवगत करा दिया गया है ; और

(ङ) भारत-नेपाल संबंधों में सुधार लाने के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

विदेश मंत्री (श्री पी. वी. नरसिंह राव) : (क) सरकार का विश्वास है कि नेपाल की सरकार इस संधि का पूरी तरह पालन नहीं करती रही है ।